श्री एस.एन. मोदानी RTMA चेयरमैन नियुक्त

भीलवाड़ा। संगम ग्रुप भीलवाड़ा के प्रबन्ध निदेशक, श्री एस.एन. मोदानी को टेक्सटाइल क्षेत्र की सर्वोच्च संस्था दी राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन का सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया है। श्री एस.एन. मोदानी ने इस

पदभार को ग्रहण करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में टेक्सटाइल इण्डस्ट्री का बहुत बड़ा योगदान है। इसमें राज-स्थान का टेक्सटाइल उद्योग एक अहम स्थान रखता है। राज-स्थान में 2 लाख से भी अधिक लोगों का रोजगार टेक्सटाइल इण्डस्ट्री से जुड़ा हुआ है। राजस्थान टेक्सटाइल इण्डस्ट्री का सिन्थेटिक, डेनिम, कॉटन प्रिण्टिंग, डाइंग आदि क्षेत्र में घरेलू एवं अन्तरराष्ट्रीय बाजार में प्रशंसनीय योगदान रहा है। श्री मोदानी ने कहा कि टेक्सटाइल इण्डस्ट्री की ग्रोथ के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। टेक्सटाइल इण्डस्ट्री के विकास के लिए राजस्थान टेक्सटाइल मील एसोसिएशन के माध्यम में नीत नए प्रयास किए जाएंगे। साथ ही नए फाइबर्स एवं नए प्रॉडक्ट्स डवलमपेण्ट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि संगम द्वारा पीवी बलेण्डेड यार्न, पीवी ब्लेण्डेड सिन्थेटिक सूटिंग फैब्रिक, डेनिम फैब्रिक और सीमलेस गारमेण्ट निर्मित किया जाता है। श्री मोदानी वस्त्र उद्योग जगत की कई प्रमुख संस्थाओं में मुख्य पदों पर आसीन रह चुके हैं। श्री मोदानी 2004-2005 में 'द राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन' में डिप्टी चैयरमेन और 'इण्डियन कॉटन मिल्स फेडरेशन' में डायरेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही श्री मोदानी ने 1999 से 2001 तक 'मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री' में प्रेसीडेण्ट और 'राजस्थान चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री' में वाइस-प्रेसीडेण्ट के पद की शोभा बढ़ाई है। श्री मोदानी ने 2004-05 के दौरान 'फेडरेशन ऑफ इण्डियन चेम्बर्स आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री' (FICCI) के लीडर्स फोरम और HRD कमेटी में एक सक्रिय कमेटी मेम्बर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान है। श्री मोदानी भारत के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री माननीय कमलनाथ जी के साथ फ्रांस गए फिक्की डेलीगेशन में शामिल थे। वहां उन्होंने 30 सितम्बर 2008 को 9th इण्डिया-यूरोपियन यूनियन बिजनेस समिट' में और 1 से 30 अक्टूबर 2008 को पेरिस में हुई 'फ्रांस इण्डिया बिजनेस फोरम' में भाग लिया।